# बेकाबू गिरावट को रोकें : भारत और कनाडा के रिश्ते

द हिन्दू

पेपर- II ( अंतर्राष्ट्रीय संबंध )

जैसी कि उम्मीद थी, भारत और कनाडा के बीच राजनयिक विवाद ने उन लोगों को प्रभावित करना शुरू कर दिया है जिनके दोनों देशों के साथ रिश्ते हैं। कनाडा ने जिस असामान्य तरीके से अपनी इस समझ को सार्वजनिक किया कि खालिस्तानी एक्टिविस्ट हरदीप सिंह निज्जर की 2023 में हुई हत्या में कहीं-न-कहीं भारतीय अधिकारियों की संलिप्तता है, उसने द्विपक्षीय संबंधों को बेपटरी कर दिया। गुरपतवंत सिंह पन्नू के खिलाफ साजिश के सिलसिले में वाशिंगटन के आरोपों ने मामला और जटिल बना दिया। अभी 3 नवंबर को ब्रेम्पटन में हिंदू सभा मंदिर परिसर में भारतीय मिशन ने वाणिज्य-दूत (कॉसल) संबंधी सेवाएं मुहैया कराने के लिए एक कैंप आयोजित किया था, जिसे खालिस्तानी कार्यकर्ताओं ने हिंसक ढंग से बाधित किया। बाद में, हिंदू समूह द्वारा किये गये विरोध प्रदर्शन के चलते भी हिंसा हुई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंदिर में हिंसा को ष्सोची-समझीष और भारतीय राजनयिकों को डराने की कोशिशों को ष्कायरानाष बताया। कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने इस घटना को ष्अस्वीकार्यश करार दिया। कनाडा में पुलिस ने निज्जर से जुड़े कम-से-कम दो लोगों को गिरफ्तार किया है। उनमें से एक भारत में वांछित है। अनुमानतः 19 लाख लोग (कनाडा की आबादी का लगभग 4 फीसदी) भारतीय मूल के हैं। उनमें से बहुतेरों का भारत के साथ करीबी रिश्ता कायम है और उन्हें वाणिज्य दूत संबंधी विभिन्न सेवाओं की जरूरत होती है।

एक छोटा हिंसक समूह भी राजनयिक कामकाज को बाधित कर सकता है, यह एक स्थिर लोकतंत्र (जहां कानून का शासन सर्वोपरि है) के रूप में कनाडा की प्रतिष्ठा पर अफसोसनाक टिप्पणी है। कनाडाई सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि भारतीय राजनयिक सुरक्षित हों। भारत और कनाडा को ऐसी किसी लामबंदी को प्रोत्साहित या बर्दाश्त नहीं करना चाहिए जो दोनों में से किसी भी देश में सांप्रदायिक फूट पैदा करे। प्रवासियों (डायस्पोरा) के साथ भारत का जुड़ाव हर हाल में राष्ट्र के बहु-धार्मिक चरित्र को प्रदर्शित करने वाला होना चाहिए। वस्तुओं और सेवाओं के क्षेत्र में भारत-कनाडा द्विपक्षीय व्यापार लगभग 19 बिलियन अमेरिकी डॉलर का है। उम्मीद थी कि एक द्विपक्षीय व्यापार संधि के जरिए इसे और बढ़ावा मिलेगा, लेकिन इस पर बातचीत अब अटक गयी है। अभी तक दोनों देश अपने आर्थिक संबंधों को अप्रभावित रखने को लेकर सावधान रहे हैं, लेकिन दोनों तरफ वीजा जारी होने में व्यवधान से इस पर असर पड़ सकता है। जलवायु परिवर्तन जैसे कई मुद्दों पर भारत और कनाडा के बीच महत्वपूर्ण एकरूपता है। इस तथ्य के बावजूद कि मौजूदा उथल-पुथल भी कलहपूर्ण प्रवासी (डायस्पोरा) राजनीति से पैदा हुई है, दोनों देशों के लोगों के बीच टिकाऊ आपसी संपर्क फायदेमंद रहे हैं। भारत के साथ रिश्तों से इतर, कनाडा अपनी सीमा नीति सख्त बनाने का प्रयास कर रहा है क्योंकि उसकी लगभग दो-तिहाई आबादी को कथित तौर पर यह लगता है कि

देश में बहुत ज्यादा आप्रवासी आ रहे हैं। छात्र वीजा पर नयी पाबंदियां भारतीय आकांक्षियों को भी प्रभावित करेंगी। हालांकि संबंधों का पूरी तरह सामान्य होना झटपट संभव नहीं है, लेकिन दोनों देश वाणिज्य दूत संबंधी सेवाओं में व्यवधान से बच सकते हैं और उन्हें बचना चाहिए।

## प्रारंभिक परीक्षा के संभावित प्रश्न (Prelims Expected Question)

**प्रश्नः भारत कनाडा द्विपक्षीय संबंधों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें**

1. हाल ही में हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले दोनों देशों के सम्बन्धों में गिरावट आई।
2. भारत-कनाडा के बीच वस्तुओं और सेवाओं का संयुक्त द्विपक्षीय व्यापार लगभग 19 बिलियन डॉलर है

उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 (d) कोई नहीं

**Que. Consider the following statements in the context of India Canada bilateral relations-**

1. Recently, relations between the two countries deteriorated due to the murder of Hardeep Singh Nijjar.
2. The combined bilateral trade in goods and services between India and Canada is approximately $19 billion.

Which of the above statements is/are correct?

(a) only 1 (b) only 2
(c) Both 1 and 2 (d) Neither 1 nor 2

**उत्तर : C**

## मुख्य परीक्षा के संभावित प्रश्न व प्रारूप (Expected Question & Format)

**प्रश्नः भारत और कनाडा जैसे प्रमुख वैश्विक उपस्थिति वाले देशों को ऐसे विवादों से बचने के लिए क्या कदम उठाने चाहिए।**

**उत्तर का दृष्टिकोण :**

- उत्तर के पहले भाग में भारत और कनाडा के मध्य मौजूद विवादों की चर्चा करें।
- दूसरे भाग में विवादों से बचने के लिए समाधान की चर्चा कीजिए।
- अंत में आगे की राह देते हुए निष्कर्ष दें।

**नोट : अभ्यास के लिए दिया गया मुख्य परीक्षा का प्रश्न आगामी UPSC मुख्य परीक्षा को ध्यान में रखकर बनाया गया है। अतः इस प्रश्न का उत्तर लिखने के लिए आप इस आलेख के साथ-साथ इस टॉपिक से संबंधित अन्य स्रोतों का भी सहयोग ले सकते हैं।**